# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान
(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)
**बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग**

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in

पत्रांक: BRLPS-LSBA/Admn/45/18/185 दिनांक: 06.06.18

प्रेषक,

राजीव कुमार सिंह, बि०प्र०से०
प्रशासी पदाधिकारी-सह- राज्य समन्वयक
लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान।

सेवा में,

श्रीमति माधुरी कुमारी
प्रखण्ड समन्वयक,
मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।

विषय: स्पष्टीकरण के संबंध में।

प्रसंग: कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी का पत्रांक 142 दिनांक 16.05.2018.

महाशया,

उपरोक्त विषयक एवं प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में सूचित करना है कि जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण द्वारा आपको प्रखंड समन्वयक के पद से सेवा मुक्त किए जाने की अनुशंसा की गयी है।

उपरोक्त के आलोक में आप पर निम्नांकित आरोप लगाये गए हैं :-

1. दिनांक 18.01.2018 को कार्य समीक्षा के उपरांत यह पाया गया कि ग्राम पंचायत राज राम सिंह छतौनी, सिरसा, टिकुलिया, ढेकहाँ (प०), बरदाहाँ, झिटकहियाँ, लखौरा एवं मधुबनी में अक्टूबर 2014 के बाद कोई IHHL Entry नहीं हुआ है जिसके कारण वहाँ Geo-Tagging शून्य प्रदर्शित हो रहा है।
2. आपके प्रखंड अंतर्गत कुल शौचालय विहीन परिवारों की संख्या 34775 के विरूद्ध अक्टूबर 2014 से समीक्षा की तिथि तक अब तक मात्र 985 शौचालयों की इंट्री IMIS पर करायी गयी जिसकी उपलब्धि 2.83 प्रतिशत है।
3. वित्तीय वर्ष 2016-17 से समीक्षा की तिथि दिनांक 18.01.2018 तक मात्र 156 शौचालय निर्माण हेतु आवेदन प्राप्त किया गया तथा उनमें से कुल 131 शौचालयों का ही निरीक्षण किया गया। प्रखंड समन्वयक द्वारा प्रभात फेरी एवं चौपाल का भी नियमित रूप से आयोजन नहीं किया जाता है।

अतः उपर्युक्त के आलोक में यह निदेशित किया जाता है कि उपरोक्त बिन्दुओं पर पत्र प्राप्ति के सात कार्यदिवसों के भीतर प्रत्युत्तर समर्पित करें तथा यह भी स्पष्ट करें कि आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाये ?

विश्वासभाजन

6/6/18

(राजीव कुमार सिंह)

प्रतिलिपि : उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, मोतीहारी, पूर्वी चम्पारण को सूचनार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि : निदेशक -सह-सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : जिलापदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/- 5/6/18
(राजीव कुमार सिंह)